फा.सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी-पार्ट(1)
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
आर्थिक प्रभाग
****

कमरा सं. 231, ए विंग,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 08.09.2022

विषय : कैबिनेट को भेजे जाने के लिए जुलाई, 2022 माह के सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र के साथ जुलाई, 2022 माह के लिए रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित मासिक सार के अवर्गीकृत हिस्से की एक प्रति सूचनार्थ परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

हिमांशी 08/09/22

(हिमांशी त्रिवेदी)
अनुसंधान अधिकारी

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों के साथ)
4. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि:

5. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार
6. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
7. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
8. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6 मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110001
9. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011
10. निदेशक, कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
11. निदेशक, इंटर-स्टेट काउंसिल सचिवालय, एमएचए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली-110011
12. सचिव (रसायन एवं पेट्रोरसायन) के पीपीएस
13. निदेशक (प्रशासन), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग को विभाग की वेबसाइट पर डलवाने के अनुरोध के साथ

फाइल नंबर 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी–पार्ट(1)
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन और पेट्रोरसायन विभाग

जुलाई, 2022 के माह् के लिए मासिक सारांश.

जुलाई, 2022 के दौरान महत्वपूर्ण घटनाएं/गतिविधियां इस प्रकार हैं:

2. जुलाई, 2022 के दौरान भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में "आजादी का अमृत महोत्सव" के तहत, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) ने निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

i. सिपेट: सेंटर फॉर स्किलिंग एंड टेक्निकल सपोर्ट (सीएसटीएस), हैदराबाद ने 04.07.2022 को स्वच्छता के आदर्श वाक्य के प्रसार के लिए स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया।

ii. सिपेट: सीएसटीएस, अगरतला ने भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के बारे में जनता में जागरूकता फैलाने के लिए 12.07.2022 को ओपन हाउस का आयोजन किया।

iii. सिपेट: पेट्रोरसायनों प्रौद्योगिकी संस्थान (आईपीटी), भुवनेश्वर ने 22.07.2022 को सिपेट के रोड मैप 2047 के लिए विचार/लेखन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

iv. सिपेट: आईपीटी, लखनऊ ने 22.07.2022 को सिपेट के रोड मैप 2047 के लिए विचार/लेखन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

v. सिपेट: सीएसटीएस, बद्दी ने 22.07.2022 को सिपेट के रोड मैप 2047 के लिए विचारों/लेखन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

vi. सिपेटः आईपीटी जयपुर ने 27.07.2022 को मूल स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देकर पुस्तकों के वितरण द्वारा सच्ची स्वतंत्रता का आयोजन किया।

3. सिपेट ने शैक्षणिक और कौशल विकास गतिविधियों के तहत 31 जुलाई, 2022 तक 23,849 छात्रों (13,097 दीर्घावधि और 10,752 प्रशिक्षित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से) को नामांकित/प्रशिक्षित किया है। जुलाई, 2022 के दौरान, सिपेट ने 2,296 छात्रों को अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया है।

4. प्लास्टिक और संबद्ध उद्योगों के लाभ के लिए, 31 जुलाई, 2022 तक सिपेट द्वारा प्लास्टिक प्रसंस्करण, टूलींग, परीक्षण, डिजाइन, परामर्श और निरीक्षण गतिविधियों के क्षेत्र में 33,291 प्रौद्योगिकी सहायता सेवाएं शुरू की गईं।

5. एचओसीएल ने जुलाई, 2022 में क्रमश: 76.36% और 76.83% के क्षमता उपयोग के साथ 2,545 मीट्रिक टन फिनोल और 1,575 मीट्रिक टन एसीटोन का उत्पादन किया। माह् के दौरान 82.43% के क्षमता उपयोग के साथ हाइड्रोजन पेरोक्साइड (H_2O_2) का उत्पादन 718 मीट्रिक टन था।

6. जुलाई, 2022 के दौरान राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के आदेश के अनुसार, एचआईएल इंडिया (लिमिटेड) 42 एमटी डीडीटी तकनीकी और 102 एमटी डीडीटी 50% वॉटर डिसपर्सिबल पाउडर (डब्ल्यूडीपी) का उत्पादन करता है।

7. मई, 2022 माह के लिए रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र के उत्पादन डेटा पर प्रमुख संकेतक औद्योगिक सूचकांक उत्पादन (आईआईपी)के निर्माण के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएस एंड पीआई) को भेजे गए थे। पिछले माह यानी अप्रैल 2022 की तुलना में मई, 2022 में इसमें 8.9% की वृद्धि हुई है।

8. माह के दौरान, यूएनआईडीओ प्रायोजित परियोजना के तहत कम खतरनाक रसायनों और वानस्पतिक रोगाणुरोधी आधारित फॉर्मूलेशन का उपयोग करके हैंड सैनिटाइज़र के विकास और उत्पादन के लिए पायलट प्लांट प्रक्रिया कार्य को अंतिम रूप दिया गया है। प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण के लिए तकनीकी रिपोर्ट यूएनआईडीओ सौंप दी गई है। इस फॉर्मूलेशन को कोविड-19 जैसे संचारी रोगों से बचाव के लिए विकसित किया गया है।

9. जुलाई, 2022 के अंत तक, कल्याण आयुक्त, भोपाल गैस पीड़ित ने 63,567 अनुग्रह राशि के मामलों का फैसला किया, जिनमें से अवार्डिड और खारिज किए गए मामले क्रमशः 52,074 और 11,493 हैं। 52,074 दावेदारों को 869.67/- करोड़ रुपये की संचयी राशि प्रदान की गई है। माह के दौरान 97 अवार्डिड मामलों में 1.58 करोड़ रू. राशि का वितरण किया गया है।

10. विभाग और इसके सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कोविड-19 से संबंधित सभी सावधानियों का पालन किया जाना जारी है।

11. **रसायन और पेट्रोरसायन का उत्पादन:**

I. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 19.97 लाख टन की तुलना में 2022-23 (मई 2022 तक) के दौरान प्रमुख रसायनों के उत्पादन की मात्रा बढ़कर 21.52 लाख टन हो गई इसमें 7.75% की वृद्धि दर्ज की गई थी।

II. पेस्टीसाइड और इंसेक्टीसाइड और डाई और पिगमेंट को छोड़कर सभी प्रमुख रसायनों जैसे एल्कली रसायन, अकार्बनिक रसायन और कार्बनिक रसायन के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि में वृद्धि हुई है।

III. पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 72.20 लाख टन की तुलना में 2022-23 (मई 2022 तक) के दौरान प्रमुख पेट्रोरसायन के उत्पादन की मात्रा घटकर 65.06 लाख टन हो गई है। इसमें 9.89% की कमी दर्ज की गई।

IV. पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में प्रमुख पेट्रोरसायनों यानी सिंथेटिक फाइबर, परफॉर्मेंस प्लास्टिक और अन्य पेट्रोरसायनों का उत्पादन बढ़ा है, जबकि फाइबर इंटरमीडिएट, पॉलिमर, सिंथेटिक रबर, सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट्स, ओलेफिन्स और एरोमैटिक्स का उत्पादन कम हुआ है।

निम्नलिखित आरेख 2021-22 (मई 2021 तक) की तुलना में 2022-23 (मई 2022 तक) के दौरान प्रमुख रसायन और पेट्रोरसायन उत्पादन का सारांश प्रस्तुत करते है। (डेटा तालिका-I और II में दिया गया है)



Production of Major Chemicals
1800000
1600000
1400000
1200000
1000000
800000
600000
400000
200000
0
Alkali Chemicals
Inorganic Chemicals
Organic Chemicals
Pesticides & Insecticides
Dyes & Pigments
2021-22 (Upto May-2021)
2022-23 (Upto May-2022)



Production of Major Petrochemicals
2500000
2000000
1500000
1000000
500000
0
Synthetic Fibre
Fibre Intermediate
Polymers
Synthetic Rubber
Synthetic Detergent...
Performance Plastics
Olefins
Aromatics
Other Petrochemicals
2021-22 (Upto May-2021)
2022-23 (Upto May-2022)

12. प्रमुख रसायनों और पेट्रो-रसायनों का आयात/निर्यात:

(i) मई 2022 में 6,990/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख रसायन और 4,372/- करोड़ रुपये मूल्य के प्रमुख पेट्रोरसायन का निर्यात किया गया था। प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात इस माह के दौरान क्रमशः 5,151/- करोड़ रुपये और 13,537/- करोड़ रुपये था।

(ii) वर्ष 2022-23 (मई 2022 तक) में प्रमुख रसायन और प्रमुख पेट्रोरसायन का संयुक्त निर्यात 20.65/- हजार करोड़ से बढ़कर 22.77/- हजार करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में आयात 28.66/- हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 35.45/- हजार करोड़ रुपये हो गया है।

(iii) जबकि निर्यात और आयात दोनों पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक रहे हैं, आयात में वृद्धि अधिक रही है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 8.01/- हजार करोड़ रुपये के व्यापार घाटे की तुलना में चालू वर्ष में 12.69/- हजार करोड़ रुपये का व्यापार घाटा है।

(iv) अप्रैल-मई, 2021 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के निर्यात के आंकड़े क्रमशः 10.76/- हजार करोड़ रुपये और 9.88/- हजार करोड़ रुपये रहे। अप्रैल-मई, 2021 के लिए प्रमुख रसायनों और प्रमुख पेट्रोरसायनों के आयात के आंकड़े क्रमशः 8.31/- हजार करोड़ रुपये और 20.36/- हजार करोड़ रुपये थे।

नीचे दिए गए पाई चार्ट कुल व्यापार में प्रमुख रसायन और पेट्रोरसायनों के विभिन्न समूहों के शेयरों को दर्शाते हैं।

मई-2022 (2022-23) में प्रमुख रसायनों का निर्यात



मई-2022 (2022-23) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का निर्यात



मई-2022 (2022-23) में प्रमुख रसायनों का आयात



मई-2022 (2022-23) में प्रमुख पेट्रोरसायनों का आयात



तालिका-I

प्रमुख रसायनों का उत्पादन				
(मात्रा: मीट्रिक टन)				
क्र.सं.	**प्रमुख रसायन समूहों के नाम**	**2021-22 (अप्रैल-मई 2021 तक)**	**2022-23 (अप्रैल-मई 2022 तक)**	**2022-22 की तुलना में 2022-23 में % वृद्धि**
1	एल्कली रसायन	1434508	1569933	9.44
2	अकार्बनिक रसायन	159321	176002	10.47
3	कार्बनिक रसायन	289130	307439	6.33
4	पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स	48292	39048	-19.14
5	डाई और पिगमेंट	66197	59926	-9.47
	कुल	**1997448**	**2152348**	**7.75**

तालिका-II

प्रमुख पेट्रोरसायनों का उत्पादन				
(मात्रा: मीट्रिक टन)				
क्र.सं.	**प्रमुख पेट्रोरसायन समूहों का नाम**	**2021-22 (अप्रैल-मई 2021 तक)**	**2022-23 (अप्रैल-मई 2022 तक)**	**2022-22 की तुलना में 2022-23 में % वृद्धि**
1	सिंथेटिक फाइबर	618743	673517	8.85
2	फाइबर इंटरमीडिएट	862239	821461	-4.73
3	पॉलिमर	1998871	1771244	-11.39
4	सिंथेटिक रबर	65773	61027	-7.22
5	सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट	139143	116928	-15.97
6	परफॉर्मेंस प्लास्टिक	247687	302014	21.93
7	ओलेफिन्स	2071353	1791680	-13.50
8	एरोमेटिक्स	851835	538830	-36.74
9	अन्य पेट्रोरसायन	364459	429103	17.74
	कुल	**7220103**	**6505804**	**-9.89**

बड़े और मध्यम स्तर के उद्योगों से प्राप्त मासिक उत्पादन रिटर्न के आधार पर।